Literacy for a Billion

Movie: Johny Mera Naam
Year:1970

Song: O O Mere Raja
Lyricist: Rajendra Krishan

ओ मेरे राजा राजा
राजा

ओ मेरे राजा
ओ मेरे राजा
ख़फ़ा ना होना
देर से आई
दूर से आई
मजबूरी थी
फिर भी मैंने
वादा तो निभाया
वादा तो निभाया

ओ मेरी रानी
समझ गया मैं
वही पुराना
तेरा बहाना
देर से आना
और ये कहना
वादा तो निभाया
वादा तो निभाया

इंतज़ार के
इक इक पल का
बदला लूँगा
ऐसा भी क्या

ये न समझना
आज भी ऐसे
जाने दूँगा
ऐसा भी क्या

कितना सताया
पहले उसका
हिसाब दो

अँखियों में
अँखियाँ डाल के
जवाब दो

बचते बचाते
हो ओ

बचते बचाते
छुपते छुपाते
तुम क्या जानो
कैसे आई

वादा तो निभाया
ओ मेरे राजा

समझ गया मैं
वही पुराना
तेरा बहाना
देर से आना
और ये कहना
वादा तो निभाया

ओ मेरे राजा

बाँहों की इन
ज़ंजीरों में
यूँ ना जकड़ो

हम जकड़ेंगे

मुड़ जाएगी
मेरी कलाई
हाथ ना पकड़ो

हम पकड़ेंगे

छोड़ो ना
नहीं
छोड़ो ना

ऐसे तो नाज़ुक नहीं
हाथ सरकार के
मौक़े भी कभी कभी
मिलते हैं प्यार के

प्यार अभी तो
हो हो

प्यार अभी तो
नया नया है
तेरी वफ़ा की
क़दर करूँगी
वादा तो निभाया

ओ मेरे राजा
ख़फ़ा ना होना
देर से आई
दूर से आई
मजबूरी थी
फिर भी मैंने
वादा तो निभाया

ओ मेरी रानी

कहो ये गालों के अँगारे
किसके लिए हैं
कहो कहो

अजी तुम्हारे

होंठों पे ये शहद के धारे
किसके लिए हैं
बोलो बोलो

अजी तुम्हारे
हाँ

शर्म कहाँ की
आओ गले
लग जाओ जी
कब से खड़ा हूँ प्यासा
प्यास बुझाओ जी

हट जाओ जी
बुझाओ जी

बदनामी से
हो हो

बदनामी से
डर लगता है
ये तो सोचो
किस मुश्किल से
वादा तो निभाया
ओ मेरे राजा

समझ गया मैं
वही पुराना
तेरा बहाना

देर से आना
और ये कहना
वादा तो निभाया
वादा तो निभाया

ओ मेरे राजा
ओ मेरी रान

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.